विश्व वन दिवस - 21 मार्च 2022

डीएवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 21 मार्च 2022 को विज्ञान संकाय द्वारा 'विश्व वन दिवस' मनाया गया जिसमें 'वन और सतत उत्पादन और खपत' विषय पर 'सेमिनार' एवं 'पोस्टर प्रतियोगिता' आयोजित कराई गई।

सेमिनार में छात्र व छात्राओं ने बताया कि वनों से प्राप्त उत्पादों और उन की खपत किस प्रकार से करनी चाहिए जिससे वन का नुकसान ना हो। प्राचार्य प्रोफेसर राजेश गर्ग द्वारा वनों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। सेमिनार में डॉ अंजू दुबे, श्रीमती बबीता कुशवाहा एवं डॉ वैभव जैन ने भी विश्व वन दिवस के महत्व को बताया।

पोस्टर प्रतियोगिता में कुमारी रितु रानी बीएससी द्वितीय वर्ष को प्रथम स्थान कुमारी दीपिका वर्मा बीएससी प्रथम वर्ष को द्वितीय स्थान व सहायक बीए प्रथम वर्ष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस सेमिनार व प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ मधु शर्मा, कुमारी सुविधा भारती, कुमारी श्वेता शर्मा, श्री अवधेश शर्मा, श्री मनीष शर्मा, एवं श्री पुष्पेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा।